उत्तर प्रदेश शासन
राज्य योजना आयोग-1
(नियोजन विभाग)
संख्या:4/2015/17एम(4)/35-आ0-1/2009-12
लखनऊ:दिनांक: 01 जून, 2015
कार्यालय-ज्ञाप

यूनीक आईडेन्टीफिकेशन अॅथारिटी ऑफ इण्डिया की स्थापना देश के समस्त निवासियों को यूनीक आईडेन्टीफिकेशन नम्बर उपलब्ध करानें के लिये की गयी है। इस योजना के प्रदेश में कार्यान्वयन हेतु यूनीक आईडेन्टीफिकेशन अॅथारिटी ऑफ इण्डिया एवं राज्य सरकार के बीच सहयोग एवं समन्वय हेतु निष्पादित मेमोरण्डम ऑफ अण्डरस्टैंडिंग (एम.ओ.यू.) के क्रम में समसंख्यक कार्यालय-ज्ञाप दिनांक:04 मार्च, 2014 द्वारा प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त को उनके कार्यक्षेत्र के लिये रजिस्ट्रार तथा समस्त जिलाधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र के लिये संयुक्त रजिस्ट्रार नामित किया गया।

2- प्रदेश में आधार नामांकन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किये जानें, जनपद में नामांकन कार्य के गैप्स को कम करने तथा उसके पश्चात् भी स्थायी नामांकन केन्द्र के रूप में कार्य सम्पादित करते रहने के उद्देश्य से यू.पी. डेस्को तथा उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स निगम लिमिटेड को स्टेट रजिस्ट्रार नामित किये जानें की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

उपरोक्त दोनों संस्थाओं के द्वारा आधार नामांकन कार्य मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी के नियंत्रण में ही सम्पन्न होगा।

आलोक रंजन
मुख्य सचिव

संख्या: 4/2015/17एम(4)/35-आ0-1/2009-12, तद् दिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
2. महानिदेशक एवं मिशन निदेशक, यू.आई.डी.ए.आई., नई दिल्ली।
3. स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
6. प्रबन्ध निदेशक, यू.पी. डेस्को, लखनऊ।
7. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स निगम लिमिटेड, लखनऊ।
8. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
9. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
10. उपमहानिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, यू.आई.डी.ए.आई., लखनऊ।

(डा0 अनूप चन्द्र पाण्डेय)
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in